# राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश
## लाल बारादरी भवन, लखनऊ–226 001
# छात्रवृत्ति के सामान्य नियम (संशोधित)

**उत्तर प्रदेश के कलाकारों को पर्यवेक्षक के निर्देशन में ललित कला में विशेष अध्ययन हेतु दी जाने वाली छात्रवृत्ति के पुनरीक्षित नियम।**

राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0 के संविधान के प्रस्तर 3 (x) के अनुक्रम में दृश्य कला के क्षेत्र में युवा कलाकारों (35 वर्ष की आयु से अधिक नहीं) को इस प्रकार की सुविधा देने वाले किसी संस्थान से सम्बद्ध पर्यवेक्षक के निर्देशन में ललित कला में विशेष अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिये निम्नलिखित नियम बनाये गये हैं। यह छात्रवृत्ति केन्द्रीय ललित कला अकादमी द्वारा वित्त पोषित किसी क्षेत्रीय कला केन्द्र अथवा गढ़ी कार्यशाला, नई दिल्ली में कार्य करने के इच्छुक अभ्यर्थी को भी प्रदान की जा सकती है। अभ्यर्थी का चयन होने के पश्चात् अध्ययन के प्रस्तावित कार्यक्रम में कोई परिवर्तन की स्थिति में अभ्यर्थी को परिवर्तित प्रस्ताव अकादमी के अध्यक्ष के अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किये जाने का अवसर प्रदान किया जायेगा। इस नियमावली के प्रस्तर 3 के अनुसार छात्रवृत्ति की राशि एवं संख्या अकादमी की कार्यकारिणी/सक्षम समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष घटाई बढ़ाई जा सकती है। जिसे समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से प्रकाशित कराया जायेगा। इसमें आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथियॉ भी घोषित की जायेंगी।

**उद्देश्य :** पारम्परिक व आधुनिक (समसामायिक) कला को प्रोत्साहन देना एवं ललित कला की गतिविधियों में सक्रीय भूमिका ।

**अर्हता :**

निम्नलिखित योग्यता के अभ्यर्थी दृश्य कला में विशेष अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति के लिये आवेदन करने हेतु अर्ह हैं :–

1. ललित कला में कम से कम स्नातक की उपाधि प्राप्त हों ।
2. छात्रवृत्ति स्वतंत्र कलाकार के अतिरिक्त स्नातकोत्तर में अध्ययनरत छात्र को भी दिये जाने पर विचार किया जा सकता है।
3. जो जन्म से उत्तर प्रदेश का निवासी हो अथवा उत्तर प्रदेश में कम से कम 10 वर्ष से निवास कर रहा हो ।

**छात्रवृत्ति की संख्या :**

छात्रवृत्ति की संख्या 12 तक हो सकती है, जिसमें दृश्य कला के क्षेत्र में पारम्परिक कला व लोक कला लिये 06 एवं समसामयिक कला के लिये 06 छात्रवृत्तियां दी जायेंगी ।

आवेदन :

1. अकादमी द्वारा प्रत्येक वर्ष (जुलाई माह में) समाचार पत्रों में घोषणा किये जाने पर इच्छुक अभ्यर्थी छात्रवृत्ति के लिये घोषित तिथि के अन्दर ललित कला अकादमी के निर्धारित फार्म पर आवेदन कर सकते हैं, जो राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0, लाल बारादरी भवन, लखनऊ से प्राप्त किया जा सकता है अथवा अकादमी की वेबसाइट www.fineartakademiup.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

2. अभ्यर्थी द्वारा उपर्युक्त उल्लिखित प्रावधान के अनुसार विशेष अध्ययन के लिये प्रस्तावित कार्य योजना का उल्लेख अपने आवेदन पत्र में अवश्य किया जायेगा।

छात्रवृत्ति का समय :

छात्रवृत्ति दिये जाने की प्रक्रिया माह सितम्बर से अगस्त तक होगी । छात्रवृत्ति की सूचना प्रक्रिया जुलाई माह से प्रारम्भ होगी ।

चयन :

कार्यकारिणी समिति/अध्यक्ष द्वारा नामित चयन समिति द्वारा आवेदन पत्रों पर विचार कर छात्रवृत्ति के लिये अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। कार्यकारिणी समिति अथवा चयन समिति द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के अनुमोदन के उपरान्त छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी।

धनराशि, छात्रवृत्ति की अवधि एवं भुगतान :

(क) छात्रवृत्ति की राशि रु. 05,000/- (रुपये पांच हजार मात्र) प्रतिमाह प्रस्तावित योजना पर कार्य प्रारम्भ करने की तिथि से, जिसके लिये अभ्यर्थी को पर्यवेक्षक का प्रमाणपत्र देना होगा, बारह माह के लिये देय होगी। चयन से सम्बन्धित अकादमी का पत्र अभ्यर्थी को व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ड द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

(ख) छात्रवृत्ति स्वीकृत होने के 15 दिन के अंदर प्रत्येक दशा में कार्य प्रारम्भ करना होगा अन्यथा छात्रवृत्ति निरस्त मानी जायेगी ।

(ख) छात्रवृत्ति राशि की प्रथम मासिक किस्त का भुगतान अभ्यर्थी द्वारा एक माह अध्ययन/कार्य पूर्ण करने एवं उसके पर्यवेक्षक से अग्रसारित सूचना अकादमी को उपलब्ध कराये जाने पर की जायेगी।

(ग) छात्रवृत्ति की तीसरी, छठीं, नवीं एवं बारहवीं किस्त के भुगतान से पूर्व निर्धारित प्रपत्र (परिशिष्ट-।।) पर पूर्ववर्ती त्रैमास से सम्बन्धित प्रगति आख्या पर्यवेक्षक से अग्रसारित कराते हुए उपलब्ध करानी होगी जिसमें पर्यवेक्षक की अभियुक्ति भी सम्मिलित होगी। अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक त्रैमास की प्रगति आख्या के साथ उक्त अवधि में पूर्ण किये गये कार्यों के पर्यवेक्षक से प्रमाणित 2-3 छायाचित्र उपलब्ध कराने होंगे।

**सामान्य नियम एवं शर्तें :-**

(क) किसी भी समय छात्र द्वारा अध्ययन यदि जारी नहीं रखा जाता है तो उसकी अकादमी को तुरन्त सूचना देनी होगी तथा भुगतान तत्काल प्रभाव से रोक दिया जायेगा।

(ख) छात्रवृत्ति अवधि के दौरान उसे किसी भी प्रकार का रोजगार व लाभकारी कार्य करना अनुमन्य नहीं होगा तथा इस आशय का प्रमाण पत्र देना होगा कि उसे कोई अन्य छात्रवृत्ति/आर्थिक लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है।

(ग) अभ्यर्थी द्वारा छात्रवृत्ति के दौरान किये गये कार्यों की प्रदर्शनी आयोजित की जानी होगी। उक्त प्रदर्शनी के लिये अकादमी द्वारा रु. 10,000/- (रुपये दस हजार) मात्र की धनराशि प्रदान की जायेगी। प्रदर्शनी अकादमी परिसर में अथवा उत्तर प्रदेश में ही अन्यत्र आयोजित की जायेगी। छात्रवृत्ति की अंतिम मासिक किस्त का भुगतान इस प्रदर्शनी के आयोजन के पश्चात् ही किया जायेगा।

(घ) छात्रवृत्तिगृहीता को छात्रवृत्ति अवधि में 01 माह अकादमी में उपस्थित रह कर काम करना होगा तथा ललित कला अकादमी, उ0प्र0 की गतिविधियों में सक्रीय भूमिका निभानी होगी । नगर के बाहर के ऐसे कलाकार, जिनका लखनऊ में कोई निवास न हो, को अकादमी की छात्रवृत्ति पर एक माह तक कार्य करने की अवधि में अकादमी द्वारा गेस्ट हाउस की व्यवस्था की जायेगी अथवा अधिकतम रु0 5000/- (रुपये पांच हजार) मात्र का मकान किराया भत्ता अकादमी द्वारा देय होगा।

(च) आवश्यकता पड़ने पर अकादमी के अध्यक्ष के अनुमोदन से किसी नियम को शिथिल अथवा संशोधित किया जा सकता है।

(छ) किसी नियम अथवा शर्तों के उल्लंघन अथवा किसी असंतोषजनक कारण से, अकादमी द्वारा किसी भी समय छात्रवृत्ति को समाप्त किया जा सकता है।

**नोट :- छात्र द्वारा किसी असत्य/भ्रमित करने वाले वक्तव्य अथवा तथ्य छिपाये जाने की स्थिति को अकादमी द्वारा गम्भीरतापूर्वक लिया जायेगा। अकादमी की कार्यकारिणी समिति/अध्यक्ष ऐसी स्थिति में अप्रयुक्त/दुर्पयोग की गई छात्रवृत्ति को वसूल करने, छात्रवृत्ति धारक को एक निश्चित अवधि अथवा आजीवन अकादमी की गतिविधियों से निष्कासित करने जैसी अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने के लिये अधिकृत होगी।**

- **आवेदन पत्र अकादमी द्वारा निर्धारित प्रारूप पर ही मान्य होंगे । आवेदन पत्र के साथ सचिव, राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0 के नाम से रु. 50/- (रुपये पचास मात्र) का डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा किया जाना होगा ।**

# ललित कला में विशेष अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति के लिये आवेदन

## राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश, लाल बारादरी भवन, लखनऊ

### आवेदन पत्र

1. परियोजना (प्रोजेक्ट) का विषयः

2. पूरा नाम : श्री / श्रीमती / कु0 ....................................................................................................

3. जन्म स्थान एवं तिथि : ....................................................................................................

4. उत्तीर्ण परीक्षा एवं प्राप्त उपाधि का विवरण ....................................................................................

| विश्वविद्यालय / बोर्ड | उत्तीर्ण परीक्षा | वर्ष | विषय | श्रेणी | प्राप्तांक | विशेष उपलब्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

5. क्या आपने कोई विशेष योग्यता प्राप्त की है? यदि हॉ, तो उसका विषय एवं अध्ययन की अवधि का विवरण दें। विषय का उल्लेख करें, जैसे–चित्रकला, मूर्तिकला, ग्राफिक एवं समकालीन कला समीक्षा का अध्ययन आदि।

6. क्या आपने व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया है? यदि हॉ तो उसका निम्नलिखित विवरण दें :–

| विश्वविद्यालय / संस्थान का नाम | प्रवेश की तिथि | छोड़ने की तिथि | मासिक मानदेय / स्टाइपेन्ड या अप्रेन्टिशशिप भत्ता, यदि कोई हो | प्रशिक्षण की प्रवृत्ति |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

7. क्या आपने प्रमाणित संस्थाओं द्वारा आयोजित भारत की प्रमुख प्रदर्शनियों यथा– राज्य स्तरीय/अखिल भारतीय कला प्रदर्शनियों में भागीदारी की है? यदि हॉ, तो विगत तीन वर्षों के निम्नलिखित विवरण दें :–

| वर्ष | प्रदर्शनी का नाम, स्थान एवं आयोजक | प्रविष्टियों की संख्या भेजी/चयनित | पुरस्कार, यदि कोई हो |
|---|---|---|---|
| | | | |

8. क्या आपने अपनी एकल कला प्रदर्शनी आयोजित की है? यदि हॉ, तो विगत तीन वर्षों का निम्नलिखित विवरण दें :–

| वर्ष | प्रदर्शनी का नाम एवं स्थान | कृतियों की संख्या | कैटलॉग एवं प्रेस कमेंट्स, यदि कोई हो |
|---|---|---|---|
| | | | |

नोट :–

(अ) स्व प्रमाणित दस्तावेज संलग्न न किये जाने पर आवेदन अपूर्ण माना जायेगा।

(ब) कैटलॉग मूल रूप में एवं प्रेस कमेंट्स की स्व प्रमाणित प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए।

(स) प्राप्त प्रशिक्षण/किया गया शोध कार्य अथवा प्रकाशित पेपर दर्शाये जाने चाहिए।

9. (क). **विशेष अध्ययन की प्रस्तावित कार्य योजना :–**

(i) मुख्य विषय

(ii) सह विषय

(ख) संस्थान/पर्यवेक्षक का नाम या कार्य योजना।

(ग) प्रस्तावित कार्य के संबंध में कम से कम 200 शब्दों में संक्षिप्त जानकारी दें (यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त शीट संलग्न करें।)

10. क्या आपने पिछले दो वर्षों में किसी अन्य छात्रवृत्ति के लिये आवेदन किया है? यदि हॉ, तो आवेदित छात्रवृत्ति का नाम, विषय, प्रस्तावित प्रशिक्षण एवं अवधि की जानकारी दें।

**11.** नीचे दो व्यक्तियों के नाम दीजिये जो आपके सम्बन्धी न हों, एवं आपके प्रस्तावित प्रशिक्षण के लिये आपकी उपयुक्तता को अपनी व्यक्तिगत जानकारी से प्रमाणित करने की स्थिति में हों। इनमें से एक के अधीन आपने अध्ययन अथवा कार्य किया होना चाहिए।

(i) नाम

पद (status)

पूरा पता

(ii) नाम

पद (status)

पूरा पता

**12.** अभ्यर्थी का पता :–

(i) वर्तमान पता : ..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

(ii) स्थायी पता : ..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

**13.** राष्ट्रीयता :– ..............................................................................................

**14.** पिता का नाम (पूरा) ..............................................................................................

माता का नाम (पूरा) ..............................................................................................

संरक्षक का नाम ..............................................................................................

पता ..............................................................................................................................

..............................................................................................................................

व्यवसाय ..............................................................................................................................

मैं घोषणा करता/करती हूं कि इस फार्म में उल्लिखित प्रश्नों के संदर्भ में की गयी प्रविष्टियां एवं उपलब्ध कराये गये अतिरिक्त विवरण (यदि कोई हो) मेरी सम्पूर्ण जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य हैं। यदि भविष्य में कभी भी यह तथ्य गलत पाये जाते हैं तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त करने का अकादमी को पूर्ण अधिकारी है।

**अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

**नोट**– यह आवेदन सचिव, राज्य ललित कला अकादमी, उ0प्र0, लाल बारादरी भवन, ललित कला अकादमी मार्ग (निकट पुराना हाईकोर्ट) लखनऊ–226 001 को भेजा जाना चाहिए।